संख्या-70/2018/1410/24-1-18-862(बजट)/2014

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 31 मई, 2018**

विषय:-उदय योजना के अन्तर्गत भविष्य में होने वाली परिचालकीय हानियों की प्रतिपूर्ति हेतु अतिरिक्त राजस्व अनुदान की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-743/मु0म0प्र0(वित्त)/वि0प्र0-2/आय-व्ययक/341/2018-19, दिनांक 24 मई, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-67/2018/900/24-1-18-862(बजट)/2014, दिनांक 11 मई, 2018 जिसके द्वारा उदय योजना के अन्तर्गत भविष्य में होने वाली परिचालकीय हानियों की प्रतिपूर्ति हेतु अतिरिक्त राजस्व अनुदान के रूप में धनराशि रूपये 502,21,00,000/- (रूपये पॉच सौ दो करोड़ इक्कीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए शासनादेश के प्रस्तर-2 में स्वीकृति धनराशि का आहरण माह मई, 2018 से माह अगस्त, 2018 तक प्रतिमाह रूपये 100,00,00,000/- की चार समान किश्तों में तथा माह सितम्बर, 2018 में धनराशि रूपये 102,21,00,000/- (रूपये एक सौ दो करोड़ इक्कीस लाख) पाचवीं किश्त के रूप में आहरित किये जाने के आदेश निर्गत किये गये थे।

2- स्वीकृत धनराशि में से माह जून, 2018 से माह सितम्बर, 2018 तक की किश्त की धनराशि रूपये 402,21,00,000/- (रूपये चार सौ दो करोड़ इक्कीस लाख मात्र) को माह मई, 2018 में आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते है।

3- उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 11 मई, 2018 की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-9 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक ''2801-बिजली-05-संचरण एवं वितरण-800-अन्य व्यय-05-उदय योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों की हानियों की फण्डिंग-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)'' के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.upnic.in

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-यू0ओ0-108/दस-2018, दिनांक 30 मई, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या- 70/2018/1410(1)/24-1-18, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

महावीर प्रसाद गौतम
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in